भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2023

सोमवार, 14 मार्च, 2022/23 फाल्गुन, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

मध्य प्रदेश में पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा

2023. श्री उदय प्रताप सिंहः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में विशेष रूप से मध्य प्रदेश पर्यटन में पारिस्थितिकी पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए किए गए उपायों/किये जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को मध्य प्रदेश राज्य सरकार से विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय निधि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए उपाय और इससे अर्जित राजस्व का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): पारिस्थितिकी पर्यटन सहित पर्यटन का संवर्द्धन और विकास, मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों का दायित्व है।

तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी थीमेटिक परिपथ आधारित 'स्वदेश दर्शन' योजना और 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन' (प्रशाद) योजना के तहत राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेश प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। स्वदेश दर्शन योजना के तहत इको-पर्यटन को एक थीम के रूप में अभिज्ञात किया गया है।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए समय-समय पर राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों की योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसारण में जांच की जाती है और निर्धारित प्रावधानों को पूरा करने और धन की उपलब्धता के अधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

देश में स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

मंत्रालय की स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के तहत मध्य प्रदेश राज्य के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय, भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। अपनी चल रही गतिविधियों के एक भाग के रूप में, यह देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों के संवर्धन के लिए, 'अतुल्य भारत' ब्रांड-लाइन के तहत, विदेशों में महत्वपूर्ण और संभावित बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। विरासत पर्यटन, जनजातीय पर्यटन, संस्कृति पर्यटन जैसे विभिन्न थीमों पर मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंटस के माध्यम से भी नियमित रूप से डिजिटल प्रचार किया जाता हैं।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटन के माध्यम से उत्पन्न राजस्व पर कोई डेटा नहीं रखा जाता है।

****

अनुबंध-I

मध्य प्रदेश में पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा के सम्बन्ध में दिनांक 14.03.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2023 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**।

देश में स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण युक्त ब्यौरा

(राशि करोड़ रु. में)

क्र सं	**राज्य का नाम**	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
1.	उत्तराखंड	2015-16	टिहरी-चंबा- सरैन में -टिहरी झील के आसपास परिपथ का विकास	69.17	65.71
2.	तेलंगाना	2015-16	महबूबनगर जिले में (सोमाशिला, सिंगोतम, कदलीवनम, अक्कामहादेवी, ईगलानपंटा, फ़रहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेतीर्थम) परिपथ का विकास	91.62	87.04
3.	केरल	2015-16	पठानमथिट्टा - गवी-वागमोन- थेक्कडी का विकास	76.55	61.24
4.	मिजोरम	2016-17	एज़वाल -रावपुइछिप -कॉवफवप- लेंगपुई - डर्टलैंग -चेतलांग- में सकरावुमटुआइट्लंग -मूथी - बेरतलॉन्ग -तुरियल एयरफ़ील्ड-मूईफांग में इको-एडवेंचर परिपथ का विकास	66.37	49.53
5.	मध्य प्रदेश	2017-18	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ाघाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास	94.61	79.70
6.	झारखण्ड	2018-19	डालमा - चांडिल- गेतलसुद- बेतला राष्ट्रीय उद्यान- मिरचैया-नेतरहाट का विकास।	52.72	15.07
			योग	**451.04**	**358.29**

****

अनुबंध-II

मध्य प्रदेश में पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा के सम्बन्ध में दिनांक 14.03.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2023 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**।

पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना तथा प्रशाद योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण युक्त ब्यौरा स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	परिपथ का नाम	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (रु. में)	जारी की गई राशि (रु. में)
1.	वन्यजीव परिपथ	2015-16	पन्ना- मुकुंदपुर -संजय-डुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की- पेंच का विकास।	92.22	81.15
2.	बौद्ध परिपथ	2016-17	सांची-सतना-रीवा -मंदसौर-धार का विकास	74.02	69.08
3.	विरासत परिपथ	2016-17	ग्वालियर - ओरछा -खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास	89.82	85.33
4.	इको परिपथ	2017-18	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ाघाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास	94.61	79.7
			योग	**350.67**	**315.26**

प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं

(राशि करोड़ रु में)

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत	निर्मुक्त राशि
1.	ओंकारेश्वर का विकास	2017-18	44.83	35.87
2.	अमरकंटक का विकास	2020-21	49.99	4.86
		योग	**94.82**	**40.73**

******